# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com

**वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 10.11.2024 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर “, दैनिक जागरण, हिन्दुस्तान, राष्ट्रीय सहारा, ज्ञानशिखा टाइम्स, न्यायाधीश, परफेक्ट मिशन, "समाचार पत्र कटिंग का विवरण।**

## दैनिक जागरण–दि0 10.11.2024



वाहन को हरी झंडी दिखाते वीडीए सचिव डा. वेद प्रकाश मिश्रा।

### वीडीए सचिव ने जागरूकता वाहनों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

जागरण संवाददाता, वाराणसी : वाराणसी विकास प्राधिकरण क्षेत्र में शामिल 216 गांवों में भवन निर्माण और योजनाओं के बारे में जानकारी देने के लिए चार जागरूकता वाहन भेजे गए। वीडीए सचिव डा. वेद प्रकाश मिश्रा ने हरी झंडी दिखाकर चार जागरूकता वाहन को रवाना किया। उन्होंने बताया कि वीडीए सीमा क्षेत्र में 216 नए गांव शामिल किए गए हैं। वीडीए इन क्षेत्रों में भी विकास कार्य कराएगा। साथ ही इन गांवों में अवैध निर्माण नहीं हो, इसको लेकर भी लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

## हिन्दुस्तान–दि0 10.11.2024

### भवन निर्माण की जानकारी देंगे

वाराणसी। वीडीए की ओर से विस्तार योजना में शामिल 216 नए गावों में भवन निर्माण नियमों की जानकारी देने के लिए चार जागरूकता वाहन रवाना किए गए। हरी झंडी प्राधिकरण के सचिव डॉ. वेद प्रकाश मिश्रा ने दिखी। उन्होंने बताया कि ग्रामीण अंचल के लोगों तक भवन निर्माण संबंधित नियमों की जानकारी पहुंचाई जाएगी।

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com

## राष्ट्रीय सहारा–दि0 10.11.2024

# वीडीए ने नियमों की जानकारी देने को चार टोटो रवाना किये



**विस्तार योजना में शामिल 216 नये सम्मिलित ग्राम को जागरूक करने के लिए वीडीए ने उठाया कदम**

**वाराणसी (एसएनबी)।** वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग के निर्देश पर वाराणसी विकास प्राधिकरण ने विस्तार योजना में शामिल 216 नये सम्मिलित ग्राम को जागरूक करने के लिए तथा प्राधिकरण के नियमों की जानकारी देने के लिए चार टोटो रवाना किए गए हैं। इन टोटो वाहनों के माध्यम से ग्रामीण अंचल के लोगों तक भवन निर्माण संबंधित नियमों की जानकारी पहुंचाई जाएगी, ताकि भवन निर्माण में किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। प्राधिकरण के सचिव डॉ. वेद प्रकाश मिश्रा ने इन टोटो वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि इन टोटो वाहनों के द्वारा गांव-गांव में प्राधिकरण के भवन निर्माण नियमों की जानकारी दी जाएगी, जिससे ग्रामीणों को योजनाओं के तहत व्यवस्थित तरीके से मकान निर्माण की प्रक्रिया समझ में आएगी और उन्हें कोई परेशानी नहीं होगी। वाराणसी विकास प्राधिकरण के नियमों की जानकारी के लिए प्रचार-प्रसार कर जनमानस को जागरूक करने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। लोकार्पण के दौरान नगर नियोजक प्रभात कुमार, जोनल अधिकारी सिंह गौरव जय प्रकाश, पीआरओ पीयूष श्रीवास्तव आदि लोग उपस्थित रहे।

## ज्ञानशिखा टाइम्स–दि0 10.11.2024

# विकास प्राधिकरण के नियमों की जानकारी देने के लिए चार टोटो रवाना

वाराणसी। वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग के निर्देश पर वाराणसी विकास प्राधिकरण द्वारा विस्तार योजना में शामिल 216 नये सम्मिलित ग्राम को जागरूक हेतु तथा प्राधिकरण के नियमों की जानकारी देने के लिए चार टोटो रवाना किए गए हैं। इन टोटो वाहनों के माध्यम से ग्रामीण अंचल के लोगों तक भवन निर्माण संबंधित नियमों की जानकारी पहुँचाई जाएगी, ताकि भवन निर्माण में किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। प्राधिकरण के सचिव डॉ. वेद प्रकाश मिश्रा ने इन टोटो वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि इन टोटो वाहनों के द्वारा गांव-गांव में प्राधिकरण के भवन निर्माण नियमों की जानकारी दी जाएगी, जिससे ग्रामीणों को योजनाओं के तहत व्यवस्थित तरीके से मकान



निर्माण की प्रक्रिया समझ में आएगी और उन्हें कोई परेशानी नहीं होगी। वाराणसी विकास प्राधिकरण के नियमों की जानकारी के लिए प्रचार-प्रसार कर जनमानस को जागरूक करने हेतु अभियान चलाया जा रहा है। लोकार्पण के दौरान नगर नियोजक प्रभात कुमार, जोनल अधिकारी सिंह गौरव जय प्रकाश, पीआरओ पीयूष श्रीवास्तव आदि लोग उपस्थित रहे।

## न्यायाधीश–दि0 10.11.2024

### प्राधिकरण के नियमों की जानकारी देने के लिए चार टोटो रवाना



वाराणसी। वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष श्री पुलकित गर्ग के निर्देशानुसार वाराणसी विकास प्राधिकरण द्वारा विस्तार योजना में शामिल 216 नये सम्मिलित ग्राम को जागरूक हेतु तथा प्राधिकरण के नियमों की जानकारी देने के लिए चार टोटो रवाना किए गए हैं। इन टोटो वाहनों के माध्यम से ग्रामीण अंचल के लोगों तक भवन निर्माण संबंधित नियमों की जानकारी पहुँचाई जाएगी, ताकि भवन निर्माण में किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। प्राधिकरण के सचिव डॉ. वेद प्रकाश मिश्रा ने इन टोटो वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि इन टोटो वाहनों के द्वारा गांव-गांव में प्राधिकरण के भवन निर्माण नियमों की जानकारी दी जाएगी, जिससे ग्रामीणों को योजनाओं के तहत व्यवस्थित तरीके से मकान निर्माण की प्रक्रिया समझ में आएगी और उन्हें कोई परेशानी नहीं होगी। वाराणसी विकास प्राधिकरण के नियमों की जानकारी के लिए प्रचार-प्रसार कर जनमानस को जागरूक करने हेतु अभियान चलाया जा रहा है। लोकार्पण के दौरान नगर नियोजक प्रभात कुमार, जोनल अधिकारी सिंह गौरव जय प्रकाश, पीआरओ पीयूष श्रीवास्तव आदि लोग उपस्थित रहे।

## परफेक्ट मिशन–दि0 10.11.2024

### चार प्रचार वाहनों को वीडीए सचिव ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



परफेक्ट मिशन

❑ विस्तार योजना में शामिल 216 नये सम्मिलित ग्राम में वीडीए ने चलाया जागरूकता अभियान

**वाराणसी।** वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग के निर्देशानुसार शनिवार को वाराणसी विकास प्राधिकरण द्वारा विस्तार योजना में शामिल 216 नये सम्मिलित ग्राम को जागरूक करने हेतु तथा प्राधिकरण के नियमों की जानकारी देने के लिए चार टोटो रवाना किए गए हैं। इन टोटो वाहनों के माध्यम से ग्रामीण अंचल के लोगों तक भवन निर्माण संबंधित नियमों की जानकारी पहुँचाई जाएगी, ताकि भवन निर्माण में किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। प्राधिकरण के सचिव डॉ. वेद प्रकाश मिश्रा ने इन टोटो वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

उन्होंने कहा कि इन टोटो वाहनों के द्वारा गांव-गांव में प्राधिकरण के भवन निर्माण नियमों की जानकारी दी जाएगी, जिससे ग्रामीणों को योजनाओं के तहत व्यवस्थित तरीके से मकान निर्माण की प्रक्रिया समझ में आएगी और उन्हें कोई परेशानी नहीं होगी। वाराणसी विकास प्राधिकरण के नियमों की जानकारी के लिए प्रचार-प्रसार कर जनमानस को जागरूक करने हेतु अभियान चलाया जा रहा है। लोकार्पण के दौरान नगर नियोजक प्रभात कुमार, जोनल अधिकारी सिंह गौरव जय प्रकाश, पीआरओ पीयूष श्रीवास्तव आदि लोग उपस्थित रहे।